BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन ने सामुदायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य पर अतिरिक्त ध्यान केंद्रित करते हुए, 2021 के एडवांस ब्रैम्पटन फंड के लिए आवेदन खोले

***गैर-लाभ और चैरिटेबल संगठन, प्रोजेक्ट फंडिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं।***

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (14 दिसम्बर, 2020) – अब सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, 2021 के एडवांस ब्रैम्पटन फंड (ए.बी.एफ.) (Advance Brampton Fund) (ABF) के लिए आवेदन स्वीकार कर रही है। काउंसिल ने अक्तूबर 2020 में, प्रोग्राम फ्रेमवर्क को मंज़ूरी दी थी। सिटी के 2021 के सालाना संचालन बजट को मंज़ूरी करने के बाद, ब्रैम्पटन के गैर-लाभ और चैरिटेबल संगठन अब, उन प्रोजेक्टों हेतु, फंडिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं, जो टर्म ऑफ काउंसिल (Term of Council) प्रायरिटीज को आगे बढ़ाने वाले हों।

ब्रैम्पटन-आधारित, रजिस्टर्ड चैरिटीज, इनकारपोरेटेड गैर-लाभ संगठन और अनकारपोरेटेड गैर-लाभ संगठन, फंडिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं। तीन प्रोग्राम स्ट्रीम्स उपलब्ध हैं, जिनमें शामिल हैं: एमर्जिंग, डिवेलपिंग और एम्प्लिफाइंग।

डिवेलपिंग और एम्प्लिफाइंग प्रोग्राम स्ट्रीम्स के प्रोजेक्टों हेतु, अब 3 फरवरी, 2021 तक सालाना आवेदन खुल गए हैं:

- **डिवेलपिंग प्रोजेक्ट्स**, यह स्ट्रीम उन संगठनों की मदद करती है, जिन्होंने ब्रैम्पटन में कम से कम एक बार प्रोजेक्ट पर काम किया है – वे मेल खाते फंडों में 12,500 डॉलर तक के लिए योग्य हैं।
- **एम्प्लिफाइंग प्रोजेक्ट्स**, यह स्ट्रीम ब्रैम्पटन में किए जाने वाले स्थापित प्रोजेक्टों की मदद करती है – वे मेल खाते फंडों में 25,000 डॉलर तक के लिए योग्य हैं।

इस वर्ष नई, एमर्जिंग प्रोजेक्ट्स (Emerging Projects) स्ट्रीम, जो ब्रैम्पटन में नए और उभरते प्रोजेक्टों की मदद करती है, तिमाही आधार पर आवेदन स्वीकार करेगी। जनवरी और जून 2021 के बीच में आने वाले प्रोजेक्टों के लिए, आवेदनों हेतु पहला तिमाही आमंत्रण, 4 जनवरी, 2021 को शुरू होगा। आवेदन की अंतिम तिथि, 29 जनवरी, 2021 है।

फंडिंग के लिए आवेदन करने वालों की सहायता के लिए, ग्रांट राइटिंग 101 (Grant Writing 101) के बारे में एक वर्कशॉप, मंगलवार, 12 जनवरी, 2021 को, शाम 6:30 बजे ऑनलाइन होगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी है।

टर्म ऑफ काउंसिल प्रायरिटी द्वारा आयोजित, जानकारी सेशन निम्न प्रकार से ऑनलाइन होंगे:

- ब्रैम्पटन एक मोजैक है: बुधवार, 13 जनवरी, 2021, शाम 6 बजे
- ब्रैम्पटन स्वस्थ और सुरक्षित शहर है: वीरवार, 14 जनवरी, 2021, शाम 6 बजे
- ब्रैम्पटन हरा-भरा शहर है: सोमवार, 18 जनवरी, 2021, शाम 6 बजे

सभी विवरण, Brampton.ca/ABF पर उपलब्ध हैं।

**पृष्ठभूमि**

ए.बी.एफ. (ABF), ऐसे प्रोजेक्टों को शुरू, विकसित और उनका विस्तार करने में, ब्रैम्पटन के गैर-लाभ और चैरिटेबल संगठनों की मदद करता है, जो टर्म ऑफ काउंसिल की प्रायरिटीज की हिमायत करते हैं। ग्रांट लेने वालों को सलाह दी जाती है कि वे मेल खाते फंडों के साथ, प्रोजेक्ट स्थिरता और मज़बूत क्षमता की ओर आगे बढ़ें, ताकि लोकल गैर-लाभ सेक्टर और ब्रैम्पटन के समुदाय के अंदर साझेदारी, सहयोग करने की क्षमता को अधिक मज़बूत बनाया जा सके और अच्छी तरह संचालित और अर्थपूर्ण काम का नेतृत्व किया जा सके।

सामुदायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य को, टर्म ऑफ काउंसिल प्रायरटी कि ब्रैम्पटन स्वस्थ और सुरक्षित शहर है, के अंतर्गत, ए.बी.एफ. के अंदर एक उभरती जरूरत के तौर पर पहचाना गया था। इसके परिणामस्वरूप, सिटी हमारे समुदाय में गैर-लाभ और चैरिटेबल संगठनों के नेतृत्व में किए जाने वाले, सामुदायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी प्रोजेक्टों में मदद करने के लिए, ए.बी.एफ. के अंतर्गत, 150,000 डॉलर की ग्रांट फंडिंग प्रदान करेगी।

**लिंक**

- 2021 एडवांस ब्रैम्पटन फंड के विवरण (2021 Advance Brampton Fund details)
- मीडिया रिलीज – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, 2021 में सामुदायिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए ग्रांट फंडिंग में 150,000 डॉलर प्रदान करेगी (Media Release - City of Brampton commits $150,000 in grant funding to enhance community safety in 2021)

**हवाले**

“ब्रैम्पटन के गैर-लाभ और चैरिटेबल संगठन, हमारे शहर को रहने, काम करने और खेलने के लिए शानदार जगह बनाने में मदद करते हैं। एडवांस ब्रैम्पटन फंड के द्वारा, यह संगठन उन प्रोजेक्टों हेतु फंडिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं, जो हर किसी की जीवन गुणवत्ता में सुधार करेंगे। हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि इस वर्ष कौन-से प्रोजेक्ट आगे बढ़ते हैं।”

– *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“एडवांस ब्रैम्पटन फंड, उस बेजोड़ और बहुमूल्य भूमिको को पहचानता है, जो लोकल गैर-लाभ और चैरिटेबल संगठन, ऐसे प्रोजेक्ट पेश करने में निभाते हैं, जो समुदाय की जरूरत को पूरा करते हों, सिटी की सेवाओं की पूर्ति करते हों और हमारी टर्म ऑफ काउंसिल प्रायरिटीज को आगे बढ़ाने में योगदान दें। मैं ब्रैम्पटन के इन संगठनों को सलाह देता हूं कि वे फंडिंग के लिए आवेदन करें।”

– *हरकीरत सिंह (Harkirat Singh), सिटी काउंसलर, वार्ड्स 9 और 10; चेयर, कार्पोरेट सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"यदि आप ऐसे प्रोजेक्ट वाले, गैर-लाभ या चैरिटेबल संगठना का हिस्सा हैं, जो टर्म ऑफ काउंसिल प्रायरिटीज को आगे बढ़ाता हो, तो हम, एडवांस ब्रैम्पटन फंड के लिए आपका आवेदन देखना चाहते हैं! वर्कशॉप और जानकारी सेशन के लिए साइन अप करें और हमारे समुदाय में योगदान देने में अपना आवेदन शामिल करें।"

– *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; वाइस-चेयर, कार्पोरेट सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सिटी का स्टाफ, एडवांस ब्रैम्पटन फंड के द्वारा, गैर-लाभ और चैरिटेबल संगठनों को प्रोजेक्टों को क्रियाशील बनाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। अब डिवेलपिंग और एम्प्लिफाइंग प्रोजेक्ट्स स्ट्रीम के लिए आवेदन करें और एमर्जिंग प्रोजेक्ट्स स्ट्रीम के लिए तैयारी करें, जो तिमाही तौर पर चलेगी।"

– *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca